राजनीति | कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, केन्द्र और राज्य सरकार पर साधा निशाना

कर्ज में डूबा देश, प्रदेश में हर कार्यालय में भ्रष्टाचार

नवभारत, कटनी। कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत कटनी पहुंचे मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश को कर्ज के बोझ तले दबा दिया है, जबकि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश में शायद ही कोई ऐसा सरकारी कार्यालय बचा हो, जहां बिना पैसे के आम नागरिक का काम हो सके। आए दिन रिश्वतखोरी से जुड़े वीडियो और ऑडियो सोशल मीडिया पर सामने आ रहे हैं, जो सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता से किए गए वादों में से एक भी वादा पूरा नहीं किया।

दतिया विधानसभा उपचुनाव के परिणाम इसका स्पष्ट प्रमाण हैं। जनता ने भाजपा को सत्ता से हटाकर यह संदेश दिया है कि वह बदलाव चाहती है और कांग्रेस संगठन पर भरोसा जता रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि दतिया उपचुनाव में भाजपा ने लगभग 50 करोड़ रुपए खर्च किए और 20 मंत्रियों की ड्यूटी लगाई, इसके बावजूद जनता ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर भाजपा को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि दतिया की जनता का फैसला पूरे प्रदेश की जनभावना को दर्शाता है। जीतू पटवारी ने बताया कि वह जल्द ही दोबारा जिले का दौरा करेंगे।

इस दौरान जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग बैठकें आयोजित कर कार्यकर्ताओं से संवाद किया जाएगा, ताकि कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाया जा सके। छात्रों के आंदोलन और शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जब देश के बच्चों और उनकी शिक्षा की सुरक्षा का सवाल आया तो राहुल गांधी ने गैर-राजनीतिक भाव से आगे बढ़कर उनकी आवाज उठाई।

उन्होंने कहा कि आंदोलन कर रहे छात्रों के साथ अलग-अलग प्रकार की यातनाएं हुईं, जिसके विरोध में कांग्रेस ने उनका साथ दिया।

शिविर को किया संबोधित

कांग्रेस द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस और शहर कांग्रेस के सभी ब्लाक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष और मंडलम अध्यक्षों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सत्र गुरुवार को भी जारी रहा है।

दूसरे दिन प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंधार, प्रदेश संगठन महामंत्री संजय कामले,प्रमिल मित्रा सहित निर्वाचन प्रभारी ललित सेन अन्य वरिष्ठ प्रशिक्षकों ने ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष और मंडलम अध्यक्षों को विस्तार से ग्रामीण-शहर स्तर पर संगठन को मजबूत करने और जन हितैषी मुद्दों को लेकर आम जनता तक पहुंचने की बात कही।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय ध्वज फहराकर वंदे मातरम गीत गायन की गया था। संगठन सृजन के दूसरे दिन गुरुवार को अपने निर्धारित समय से ठीक 10 बजे शुरू कर दिया गया था।

सत्र की शुरुआत मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंधार द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। दूसरे सत्र की शुरुआत मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा की गई जिसके पश्चात मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरीश चौधरी द्वारा की गई थी। शिविर में काफी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में निभाएं सक्रिय भूमिका

छात्र-छात्राओं को बताए गए नशे से होने वाले दुष्परिणाम

नवभारत, उमरियापान। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत शासकीय हाई स्कूल बिछुआ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें स्वस्थ और संस्कारित जीवन के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'नशा नर्क का द्वार है । उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, शिक्षा, समाज और भविष्य को बर्बाद कर देता है। युवाओं को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी और सभी से स्वयं नशामुक्त रहने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज को भी जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और विद्यालय स्टाफ ने सामूहिक रूप से नशा मुक्ति संकल्प लेते हुए प्रतिज्ञा की कि वे स्वयं किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता, विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जन-जागरूकता अभियान को लगातार आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

एक नजर में

घर के बाहर खड़ा दो पहिया वाहन चोरी

नवभारत, कटनी। कोतवाली थाना क्षेत्र के सबसे व्यस्ततम इलाकों में शुमार मिशन चौक पर चोरों ने पुलिसिया गश्त और सुरक्षा व्यवस्था के दावों की धज्जियां उड़ा दी हैं। रात के अंधेरे में बेखौफ बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी एक स्कूटी पार कर दी। घटना के बाद से क्षेत्र में हड़कंप व्याप्त है और स्थानीय नागरिकों में सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के मिशन चौक स्थित पेट्रोल पंप के ठीक सामने रहने वाले फरियादी शाहिद कुरैशी की स्कूटी रोजाना की तरह घर के बाहर खड़ी थी। रात में मौका पाते ही अज्ञात चोरों ने वाहन पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब वाहन मालिक बाहर निकले, तो स्कूटी गायब देख उनके होश उड़ गए। मुख्य मार्ग और पेट्रोल पंप जैसे संवेदनशील स्थान के सामने से हुई इस चोरी ने पुलिसिया मुस्तैदी पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। शहर के मध्य में इस तरह की दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देकर चोरों ने स्पष्ट कर दिया है कि उनमें कानून और खाकी का खौफ खत्म हो गया है। फरियादी द्वारा मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई है। कैमरों की फुटेज खंगालकर चोरों का सुराग लगाने और जल्द से जल्द वाहन बरामद करने की की मांग की गई है।

खदान में कार्यरत मजदूर को बेलगाम ट्रक ने कुचला

खदान में हादसा, परिजनों ने की मुआवजा और नौकरी की मांग

नवभारत, कटनी। बड़वारा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत भजिया के छापरवाह स्थित अल्ट्राटेक कंपनी की खदान में शुक्रवार सुबह एक बेहद दर्दनाक हादसा घटित हो गया। अयस्क परिवहन में लगे एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने खदान परिसर में कार्यरत मजदूर को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अल्ट्राटेक माइंस में हुए इस हादसे के बाद परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और मजदूर संघ ने शव को खदान परिसर में रखकर उग्र प्रदर्शन शुरू कर दिया है और परिचालन पूरी तरह से ठप करा दिया है। जानकारी के अनुसार, मृतक की

पहचान लमकना निवासी भारत पिता आठिया केवट (35 वर्ष) के रूप में हुई है। रोजाना की तरह भारत केवट अल्ट्राटेक की छापरवाह खदान में मजदूरी करने गया था। इसी दौरान परिवहन में लगे एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने लापरवाही बरतते हुए उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद खदान परिसर में चीख-पुकार मच गई। साथी मजदूरों ने मशक्कत कर शव को ट्रक के नीचे से बाहर निकाला। हादसे की खबर फैलते ही मृतक के परिजन और काफी संख्या में मजदूर संघ के सदस्य अल्ट्राटेक खदान परिसर में एकत्र हो गए। उग्र प्रदर्शनकारियों ने खदान का कामकाज पूरी तरह से बंद करा दिया और वहीं धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारी मृतक के आश्रित परिजनों को तत्काल 10 लाख की आर्थिक सहायता देने और परिवार के एक सदस्य को खदान में स्थायी नौकरी देने की मांग की है।

टंकी बनी, पाइप भी बिछे, करोड़ों खर्च हुए, लेकिन नहीं पहुंचा नल से जल

रीठी जनपद क्षेत्र में पाइप लाइन में गुणवत्ता की अनदेखी

नवभारत, रीठी। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल से जल योजना रीठी जनपद पंचायत की 56 ग्राम पंचायतों में लोगों के लिए राहत से ज्यादा सवाल बन गई है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद कई गांवों में पानी की टंकियां केवल शोपीस बनी खड़ी हैं, पाइपलाइन जगह-जगह रिस रही है और जिन घरों तक कनेक्शन पहुंचा भी है, वहां नलों से पानी नहीं, उम्मीद टपकती है।

आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदारों ने निम्न गुणवत्ता की पाइपलाइन बिछाई। कई स्थानों पर पाइपों में शुरू से ही लीकेज है। गांवों की सीमेंट-कंक्रीट सड़कों को खोदकर पाइप डाले गए, लेकिन बाद में उनकी

मरम्मत तक नहीं कराई गई। नतीजा यह कि योजना के साथ गांव की सड़कें भी बदहाल हो गईं। जनपद पंचायत की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत बड़गांव में बनी पानी की टंकी से ही रिसाव होने की शिकायत सामने आ रही है। वहीं पूरे गांव में नियमित जलापूर्ति भी नहीं हो पा रही है। रीठी मुख्यालय में कई उपभोक्ताओं का आरोप है कि पाइपलाइन से दिए गए कनेक्शनों में इतने छोटे छेद कर दिए गए कि शुरू में नल से बूंद-बूंद पानी आया और अब वह भी बंद हो गया है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि निर्माण कार्य में इतनी शिकायतें हैं तो संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं हो रही न ब्लैकलिस्ट करने की पहल, न गुणवत्ता की सार्वजनिक जांच और न ही जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होती दिख रही है। यही कारण है कि ग्रामीणों के बीच यह चर्चा भी है कि कहीं इन ठेकेदारों को राजनीतिक संरक्षण तो नहीं मिला हुआ। रीठी क्षेत्र में यह भी जनचर्चा है कि पवई विधानसभा क्षेत्र के तेंदूघाट जलाशय से 56 ग्राम पंचायतों तक पेयजल पहुंचाया जाएगा।

हालांकि वर्तमान स्थिति यह है कि अधिकांश गांव अब भी पुराने बोरवेलों पर निर्भर हैं और कई जगह जलापूर्ति एक दिन छोड़कर की जा रही है। ऐसे में ग्रामीण पूछ रहे हैं कि जब पानी आज भी बोर से ही आ रहा है, तो करोड़ों रुपये की इस योजना का वास्तविक लाभ आखिर कहां है, कागजों में हर घर नल है, भाषणों में हर घर जल है, लेकिन गांवों में हर घर सवाल है। लगता है इस योजना का पानी जनता के नलों तक पहुंचने से पहले ही फाइलों, ठेकों और पाइपों की लीकेज में बह गया। अब लोग नल खोलते हैं तो पानी कम और व्यवस्था की पोल ज्यादा निकलती है।

घर में आई महिला ने चोरी किए थे सोने-चांदी के आभूषण, गिरफ्तार

ढीमरखेड़ा पुलिस ने की कार्रवाई, आभूषण बरामद

नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिले के ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने बताया कि 4 अगस्त को ढीमरखेड़ा निवासी मनीषा कोल पति वीरेंद्र कोल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 28 जुलाई 2026 को कोई अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुसकर सोने-

चांदी के आभूषण चोरी कर ले गया था। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर पर मामला दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरू की। मनीषा कोल ने पुलिस को यह भी बताया कि घटना के दिन ग्राम पहरुआ निवासी मलिका उर्फ शीतल कोल उसके घर आई थी, जिस पर उसे संदेह है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संदेही महिला को हिरासत में लिया और पूछताछ की। पूछताछ में महिला ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से सोने-चांदी के आभूषण बरामद कर लिए हैं।

चोरी के आरोप में महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। कार्रवाई में ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी महिमा रघुवंशी, उप निरीक्षक सुरेश चौधरी, आरक्षक पंकज सिंह, गंधर्व सिंह की भूमिका रही।

उपमंडी में किसानों से खरीदी जा रही मूंग और उड़द

किसानों से खरीदी गई पांच क्विंटल मूंग और उड़द

नवभारत, उमरियापान। उप मंडी उमरियापान में ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। खरीदी प्रभारी नवीन चौरसिया ने बताया कि प्रत्येक किसान की उपज की पहले ग्रेडर मशीन से सफाई कराई जाती है, जिससे धूल, मिट्टी, कंकड़ और अन्य अशुद्धियां

अलग हो जाती हैं। उन्होंने बताया कि कई किसान बिना ग्रेडर से साफ कराए ही उपज लेकर केंद्र पहुंच जाते हैं। ऐसे मामलों में गुणवत्ता मानकों पर खरी न उतरने के कारण तुलाई नहीं हो पाती।

उन्होंने किसानों से कहा है कि वे अपनी मूंग और उड़द को अच्छी तरह साफ कराकर ही खरीदी केंद्र लाएं, ताकि खरीदी प्रक्रिया सुचारु और तेज गति से पूरी हो सके। खरीदी केंद्र पर किसानों की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया है। मंडी परिसर में बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ स्वच्छ पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

गांव-गांव खुली पैकारी, विधायक ने लिखा एसपी को पत्र

भाजपा विधायक के पत्र लिखने से कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

नवभारत, कटनी। बड़वारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा एसपी लिखे गए पत्र ने जिले की कानून-व्यवस्था और आबकारी महकमे की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विधायक द्वारा पत्र में स्लीमनाबाद, तेवरी, एनकेजे, निवार, ढीमरखेड़ा, पानउमरिया और सिलौंडी जैसे क्षेत्रों का उल्लेख किया गया है। ये वे इलाके हैं जहां गांव-गांव तक अवैध पैकारियों का जाल फैला हुआ है। शाम ढलते ही शराब के अवैध ठिकानों पर जमावड़ा और आए दिन होने वाले विवादों ने ग्रामीणों का जीना दूभर कर दिया है। विधायक ने पत्र की प्रतिलिपि जबलपुर रेंज के आईजी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के साथ आबकारी विभाग को भी भेजी है। लेकिन बड़ा सवाल यही है कि क्या इस पत्र के बाद पुलिस महकमा जागेगा और अभियान चलाकर शराब सिंडिकेट की कमर तोड़ेगा, या फिर यह पत्र भी फाइलों के ढेर में दबकर रह जाएगा। विधायक के पत्र लिखने के बाद भी ज़मीन पर हालात नहीं बदलते, तो यह साबित हो जाएगा कि जिले में अवैध पैकारी चलाने वाले गिरोह का रसूख और ताकत शासन-प्रशासन से ज्यादा है।

विधायक का शासकीय लेटरहेड पर पत्र लिखना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि स्थानीय स्तर पर थाना और चौकी पुलिस अवैध शराब नेटवर्क के सामने बौनी नजर आ रही है। जिले के कई स्थानों पर अवैध रूप से पैकारी चलाई जा रही है। पैकारियों के माध्यम से खुलेआम शराब बेची जा रही है, लेकिन न तो पुलिस कार्रवाई कर रही है और न ही आबकारी विभाग कोई कार्रवाई कर रहा है।

महिला एवं बाल विकास कार्यालय में लगी आग

नवभारत, कटनी। महिला एवं बाल विकास परियोजना, कटनी शहरी कार्यालय परिसर में पूर्व में संचालित आधार सेंटर पर गुरुवार शाम लगभग साढ़े पांच बजे लगी आग पर काबू पा लिया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि आग लगने के दौरान वहां रखे आधार सेंटर से संबंधित पुराने दस्तावेज, टेबल, कुर्सियां और अन्य कागजात जल रहे थे। जानकारी मिलते ही परियोजना कार्यालय के स्टाफ ने दिखाते हुए तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने जल्द ही आग पर काबू पा लिया। बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

रजिस्ट्रियां निरस्त, भूमि के खरीदी-विक्रय और नामांतरण पर भी रोक

डन कॉलोनी के पास विवादित जमीन का मामला

नवभारत, कटनी। तहसीलदार कटनी नगर अजीत तिवारी ने खसरा नंबर 140, 141 एवं 143/1 को प्रतिबंधित श्रेणी में दर्ज करने के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही इन खसरों में खरीदी-बिक्री, नामांतरण और स्वामित्व परिवर्तन पर रोक लगा दी गई है। राजस्व विभाग ने पूर्व में जारी नजूल अनापत्ति प्रमाण-पत्र को निरस्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। वहीं, जिन पंजीकृत विक्रय पत्रों के आधार पर भूमि का हस्तांतरण किया गया है, उन्हें सक्षम न्यायालय में चुनौती देकर निरस्त कराने की तैयारी की जा रही है। न्यायालयीन प्रक्रिया पूरी होने तक विवादित भूमि की स्थिति यथावत रखी जाएगी। राजस्व विभाग की जांच के दौरान वर्ष 2019 की नजूल शाखा की रिपोर्ट सामने आई, जिसमें संबंधित भूमि को स्पष्ट रूप से शासकीय नजूल भूमि बताया गया था। रिपोर्ट के अनुसार नगर निगम के अभिलेखों में केवल 2368 वर्गफीट भवन का रिकॉर्ड दर्ज था, जिसे निजी भूमि के स्वामित्व का प्रमाण नहीं माना जा सकता। इसके बावजूद उसी आधार पर बड़े भू-भाग का हस्तांतरण किए जाने से पूरे मामले पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। संबंधित हल्का पटवारी को भी राजस्व अभिलेखों में स्पष्ट प्रतिबंध दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच में सामने आया कि नगर निगम में दर्ज 2368 वर्गफीट भवन की टैक्स रसीद को आधार बनाकर उससे लगी करीब 21 हजार वर्गफीट शासकीय नजूल भूमि का विक्रय कर दिया गया। शिकायत के अनुसार लगभग 3.56 करोड़ रुपये में हुए इस सौदे की वर्तमान बाजार कीमत करीब 10 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। आरोप है कि सरकारी भूमि को निजी भूमि दर्शाकर विभिन्न लोगों के नाम पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित किए गए। जांच के अनुसार पैट्रिक रॉबर्ट डन एवं एस.आर. डन द्वारा कथित रूप से हरीश कुमार बजाज, भारती देवी बजाज, विजय बहलानी, लक्ष्मीचंद बहलानी, किशोर बहलानी, मुकेश बहलानी, संजय बजाज, प्रकाश तनवानी, हीरालाल जसोदिया, विनोद गजरानी, यश संगतानी, विजय गजरानी, प्रवीण जैन, शालिनी जैन, विविदत जैन सहित अन्य लोगों के नाम पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित किए गए थे। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण से जुड़े लोगों को नोटिस जारी कर बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया है। प्रशासन और पुलिस दोनों स्तरों पर कार्रवाई जारी रहने से जमीन की खरीद फरोख्त से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है।

समीक्षा | मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा, विधायक की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक

पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन का प्रतीक है मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान

नवभारत, कटनी। मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 93 में विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए विधायक संदीप जायसवाल की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से विकास कार्यों एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यों और लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं। समीक्षा के दौरान विधायक

ने 7 अगस्त से आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि जन विश्वास ही जन कल्याण की आधारशिला है और इस अभियान के माध्यम से क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण और जनसंवाद के जरिए आम जनता की समस्याओं का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन का प्रतीक है, इसलिए इसके क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और सभी निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। यह अभियान 7 अगस्त 2026 से प्रारंभ होकर 8 जनवरी 2027 तक संचालित किया जाएगा।

विधायक ने लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित अन्य निर्माण एजेंसियों को सभी स्वीकृत कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस विभाग को नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर सख्ती से रोक लगाने के लिए कहा गया। पंचायत एवं राजस्व विभाग को निर्देशित किया गया कि वे संयुक्त रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल मैदान, सामुदायिक भवन एवं अन्य जन उपयोगी कार्यों के लिए भूमि आरक्षित करने की प्रक्रिया सुनिश्चित करें।

बैठक में एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शिवा पाठक, जनपद पंचायत के सीईओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी द्वारा विधायक संदीप जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

अमकुही फिल्टर प्लांट के पास आज किया जाएगा पौधरोपण

नवभारत, कटनी। पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि, भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के निर्माण के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा 'अमृत हरित महाअभियान' के अंतर्गत शुक्रवार 7 अगस्त को दोपहर 2 बजे अमकुही फिल्टर प्लांट परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से नगर निगम शहर में अधिकाधिक पौधारोपण कर हरित एवं पर्यावरण अनुकूल कटनी के निर्माण की दिशा में जन सहभागिता को बढ़ावा देगा। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक और निगमायुक्त तपस्या परिहार ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थाओं एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से अपील की है कि वे इस अभियान में सहभागी बनकर कम से कम एक पौधा आवश्यक रूपए से लगाएं और उसके संरक्षण का भी संकल्प लें।